बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(धरमपुरा) जिला – बस्तर (छ.ग.) भारत 494001
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G.) India 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक /493/अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 01/08/2020

## //अधिसूचना//

छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन का आदेश क्रमांक एफ 3–33/2020/38–1 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 30.07.2020 द्वारा सत्र 2020–21 के लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया एवं क्लास रूम शिक्षण के लिए जारी निर्देश के परिपालन में बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रक्रिया बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के पोर्टल (वेब लिंक www.bvvjdpexam.in) पर दिनांक 01 अगस्त 2020 से प्रारंभ किया जा रहा है।

प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में दिनांक 31.07.2020 को गूगल मीट एप में ऑनलाईन वेबीनार के माध्यम से आयोजित बैठक में कुलपति महोदय की उपस्थिति में विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्षों और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों से की गई चर्चा अनुसार स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम चरण में दिनांक 01.08.2020 (सायं 6.00 बजे से) से 31.08.2020 तक ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की तिथि निर्धारित किया जाता है। ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क, आवेदन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक त्रुटि सुधार शुल्क सहित 25/– (पच्चीस रूपये) निर्धारित है।

समस्त संबद्ध महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना, महाविद्यालय से संबंधित जानकारी, कार्यरत शिक्षकों की जानकारी, संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित एवं उपलब्ध सीट/छात्र संख्या, पाठ्यक्रम की अवधि (वर्ष/सेमेस्टर), प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता आदि का विवरण सहित अन्य सुसंगत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे, ताकि वर्तमान में कोविड–19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में उपरोक्तानुसार जानकारी प्राप्त करने हेतु छात्र–छात्राओं एवं उनके परिजनों/अभिभावकों को महाविद्यालय आना ना पड़े। यदि छात्र–छात्राएँ और उनके परिजन/अभिभावक महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया आदि की जानकारी हेतु आते/जाते हैं तो संबंधितों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव/रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु छ.ग.शासन एवं संबंधित जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना करना अनिवार्य होगा।

महाविद्यालय अंनतिम रूप से सत्र 2019–20 हेतु जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के अनुसार कार्यवाही करेंगे। सत्र 2020–21 के लिए अकादमिक कैलेण्डर एवं प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत उच्च शिक्षा विभाग अथवा उच्च शिक्षा संचालनालय से प्राप्त होने पर उपलब्ध कराया जायेगा। ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया हेतु विस्तृत निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।

(माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार)

01.8.2020
for कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

P.L.Ydv. Letter Sep.2019-20/PG_430

क्रमशः 2 पर

पृ.क्रमांक /494/अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 01/08/2020

प्रतिलिपि :–

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

02. माननीय मुख्यमंत्री के सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

03. माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग के निज सचिव/विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

04. माननीय कुलपति महोदय, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

05. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

06. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

07. संभाग आयुक्त, बस्तर संभाग, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

08. कलेक्टर, जिला–बस्तर/कोण्डागॉव/कांकेर/नारायणपुर/दन्तेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

09. प्राचार्य, संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

10. समस्त विभाग प्रमुख/विभागाध्यक्ष, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

11. सम्पादक, स्थानीय/लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मिडिया ............... ....................................................... की ओर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इस अधिसूचना को समाचार/विज्ञप्ति के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करेंगे।

01.8.2020

**सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**
**बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)**